St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –13)** **Date: 14.09.2020**
Topic: अपठित गदयांश **Class -4**

जल और थल में समान रूप से विचरण करने वाले प्राणी ऊदबिलाव का नाम किसने नहीं सुना होगा | ऊदबिलाव का यह नाम उसकी बिल्ली जैसी शक्ल के कारण पड़ा है | हालाँकि उसका बिल्ली की प्रजाति से कोई सम्बन्ध नहीं है | ऊदबिलाव को ' जलमानुष ' नाम से भी जाना जाता है | ऊदबिलाव पानी में मछलियों की तरह तैर लेता है , परन्तु यह अपना बिल पानी के पास सूखे स्थान में बनाता है , जिसमे कई द्वार होते हैं | यह जल और थल दोनों में रह सकता है | इसका मुख्य भोजन मछली , पर यह मेढक और केकड़े भी बड़े चाव से खाता है | यह बड़ा चालाक और फुर्तीला जानवर है , जो आसानी से पकड़ में नहीं आता |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 ऊदबिलाव का यह नाम क्यों पड़ा ?

उ-बिल्ली जैसी शक्ल होने के कारण ऊदबिलाव का यह नाम पड़ा है ,जबकि इसका बिल्ली की प्रजाति से कोई सम्बन्ध नहीं है |

2 ऊदबिलाव अपना बिल कहाँ बनाता है ?

उ- ऊदबिलाव अपना बिल पानी के पास सूखे स्थान में बनत है , जिसमे कई द्वार होते है |

3 ऊदबिलाव का मुख्य भोजन क्या है ?

उ- ऊदबिलाव का मुख्य भोजन तो मछली है , पर यह मेढक और केकड़े भी बड़े शौक से खाता है |

4 ऊदबिलाव को किस अन्य नाम से जाना जाता है ?

उ-ऊदबिलाव को 'जलमानुष' के नाम से भी जाना जाता है ,क्योंकि यह जल में भी रह सकता है |

5 ऊदबिलाव को पकड़ना मुश्किल क्यों है ?

उ-ऊदबिलाव को पकड़ना मुश्किल है , क्योंकि यह बहुत चालाक और फुर्तीला जानवर है |

खाली जगह भरो :-

6 ऊदबिलाव पानी में **मछलियों** की तरह तैर लेता है |

7 ऊदबिलाव **आसानी** से पकड़ में नहीं आता |

सही और गलत लिखो :-

8 ऊदबिलाव बिल्ली जैसी शक्ल का है | (सही)

9 ऊदबिलाव केवल थल में रहता है | (गलत)

10 इस अनुच्छेद का उचित शीर्षक बताओ :-

उ-इस अनुच्छेद का उचित शीर्षक है - 'जलमानुष ' ऊदबिलाव

शब्दों के अर्थ लिखो :-

11 विचरण -घूमने वाला

12 द्वार -दरवाजा

13 संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो :-

उ- जानवर

14 विलोम शब्द लिखो :-

चालाक -मूर्ख

बहुवचन लिखो :-

बिल्ली - बिल्लियाँ

16 दो पर्यायवाची शब्द लिखो :-

जल - नीर , पानी

17 'सूखा ' विशेषण का कौन सा भेद है ?

उ- सूखा = गुणवाचक विशेषण

18 तुक मिलाने वाले शब्द लिखो :-

शक्ल - अक्ल

19 ' राम तैर रहा है |' क्रिया का भेद बताओ |

उ- अकर्मक क्रिया

20 वाक्य बनाओ :-

फुर्तीला - चीता बहुत **फुर्तीला** होता है , क्योंकि वह बहुत तेज़ दौड़ता है |